# निगमित सुशासन पर लेखा परीक्षकों का प्रमाण पत्र

**सेवामें,**
**सदस्यगण,**
**आरईसी लिमिटेड,**
**नईदिल्ली।**

हमने 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए आरईसी लिमिटेड ("कंपनी") द्वारा निगमित सुशासन की शर्तों के अनुपालन की जांच की है, जैसा कि स्टॉक एक्सचेंज के साथ निष्पादित सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटन अपेक्षाएं) विनियम 2015 ("सूचीकरण विनियम") (यथासंशोधित) और लोक उद्यम विभाग (डीपीई), वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी किए गए केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) के लिए निगमित सुशासन संबंधी दिशा निर्देश 2010 के खंड 8.2.1 में अनुबंधित हैं।

निगमित सुशासन की शर्तों के अनुपालन का उत्तरदायित्व प्रबंधक वर्ग का है। हमारी जांच निगम द्वारा निगमित सुशासन की शर्तें का अनुपालन करने के लिए कंपनी द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया की समीक्षा एवं उसके कार्यान्वयन तक सीमित है। यह न तो लेखा परीक्षा है और नही निगम के वित्तीय विवरणों पर राय का प्रकटन करना है। हमारे दृष्टि कोण में और हमारी सर्वश्रेष्ठ सूचना तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार हम यह प्रमाणित करते हैं कि 31 मार्च 2021 की स्थिति के अनुसार कंपनी महिला निदेशक सहित अपेक्षित संख्या में मंडल के स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति और वित्तीय वर्ष के दौरान लेखा परीक्षा समिति, नामांकन और मेहनताना समिति, हितधारक संबंध समिति और निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व समिति के गठन को छोड़कर और सीपीएसई के लिए स्वतंत्र निदेशकों की कम से कम एक बैठक का आयोजन निगमित शासन पर दिशा निर्देश, 2010 और सूचीकरण विनियमों में यथा उल्लिखित निगमित शासन की अपेक्षाओं का अनुपालन कर रही थी। इसके अलावा, एक सरकारी कंपनी होने के नाते आरईसी में सभी निदेशक भारत के राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किए जाते हैं, जो प्रशासनिक मंत्रालय, यानी विद्युत मंत्रालय के माध्यम से कार्य करते हैं और यह कंपनी के नियंत्रण से बाहर है।

हम यह भी उल्लेख करते हैं कि ऐसा अनुपालन न तो कंपनी की उस भावी व्यवहार्यता का कोई आश्वासन है, नही दक्षता अथवा प्रभाव कारिता का, जिसके अनुसार प्रबंधक वर्ग ने कंपनी के कार्यों का संचालन किया है।

| | |
|---|---|
| **मैसर्स एस. के. मित्तल एंड कं.** | **मेसर्स ओपी बाग्ला एंड कं. एलएलपी.** |
| **सनदी लेखाकार** | **सनदी लेखाकार** |
| **आईसीएआई फर्म पंजी. सं 001135एन** | **आईसीएआई फर्म पंजी. सं. 000018एन/एन500091** |
| **नामः एस. मूर्ती** | **नामः अतुल अग्रवाल** |
| **पदनामः साझीदार** | **पद नामः साझीदार** |
| **सदस्यता संख्याः 072290** | **सदस्यता संख्याः 092656** |
| **यूआईडीएनः 21072290एएएएडीआर5822** | **यूडीआईएनः 21092656एएएएडीएक्स5676** |

**दिनांक : 05 अगस्त 2021**
**स्थान : नई दिल्ली**